कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक 30.01.2026

/प्रेस विज्ञप्ति/

# फुटबॉल में शासकीय कन्या महाविद्यालय पुनः विजेता

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग द्वारा हेमचंद यादव अंतर महाविद्यालयीन महिला फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्द्याटन हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने किया कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय क्रीडा समिति की संयोजिका डॉ सुषमा यादव ने किया। इस अवसर पर श्री प्रोतीन घोष, विशेष अतिथि उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में तीन टीमों ने एवं 03 महाविद्यालय चयन हेतु उपस्थित हुए। शास. डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या महाविद्यालय, दुर्ग, शास0 व्ही.वाय.टी. स्व. महाविद्यालय दुर्ग, सेठ सुराना महाविद्यालय दुर्ग की टीमो ने हिस्सा लिया। वही शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगाव, स्वरूपानन्द महाविद्यालय हुडको, भिलाई, शासकीय महाविद्यालय डौंडी के खिलाड़ी चयन हेतु उपस्थित हुयैं प्रतियोगिता का प्रथम मैच शासकीय विज्ञान व्ही.वाय.टी विज्ञान महाविद्यालय, दुर्ग एवं सुराना महाविद्यालय के मध्य खेला गया। प्रतियोगिता का प्रथम हाफ तक दोनो ही टीमो, स्कोर शून्य शून्य रहा तथा दुसरे हाफ में प्रथम गोल श्रद्वा विज्ञान महाविद्यालय द्वारा 27 मिनट में किया गया तथा दूसरा एवं तृतीय गरिमा द्वारा 35 वे एवं 36 वे मिनट में किया गया। इस तरह तीन गोल से शासकीय विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग विजयी रही।

प्रतियोगिता का द्वितीय मैच शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या दुर्ग एवं शासकीय विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग मे खेला गया जिसमे दोनो ही टीमे गोल नही कर पाई दोनो टीमो को एक–एक अंक मिला। प्रतियोगिता का तीसरा लीग मैच शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या महाविद्यालय दुर्ग एवं सुराना महाविद्यालय के मध्य खेला गया जिसमें हॉफ टाईम में ही शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग ने 05 गोल मारकर गोल के आधार पर विजेता का स्थान बना लिया। हीना ने दो, रेणु ने एक गोल, उर्मिला एंव नंदिनी ने एक एक गोल मारा और टीम को विजयी बनाया। शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या महाविद्यालय दुर्ग की टीम इस प्रकार थी हीना निर्मल कर कप्तान, योगेश्वरी निषाद गोलकीपर, श्रुति यादव, लक्ष्मी सिन्हा, रेणु यादव, नंदिनी निर्मलकर विकासनी कौशिक, जान्हवी चन्द्राकर, सोनम कोसरे, किरण सिंह, नंदिनी नायक, चचंल यादव, लुकेश्वरी यादव, सीमा पूर्व टीम मैनेतर प्रियंका बारला प्रशिक्षक श्री मुकेश श्रीवास्तव थे। मैच रैफरी श्री एस. डी.वर्मन, श्री दुर्गा, श्री रत्नेश, सुश्री सोनिया साहू, सुश्री सुमन ,सुश्री गंजन ग्वाल उपस्थित थी। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.रंजना श्रीवास्तव के हाथो संपन्न हुआ । श्रीवास्तव मेडम अपने उद्वघाटन में विज्ञान के माध्यम से एवं जनरेशन के माध्यम से खिलाड़ियो को समझाया की खेल नित्य दिनचर्चा में कैसे जरूरी है। उन्होने हारे हुऐ खिलाडियों का कहा आप के हार में कुछ अच्छा छिपा है आपको अगली प्रतियोगिता में विजेता बनने हेतु मेहनत करने का संदेश दिया।

प्राचार्य, डॉ रंजना श्रीवास्तव, डॉ दिनेश नामदेव संचालक खेल हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग ने खिलाड़ियो को व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किया एवं विजेता उपविजेता टीमो को कप प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री मुरलीमनोहर जोशी, श्री मुकेश श्रीवास्तव, डॉ. अजय लांजेवार, डॉ. दीपक ठाकुर एवं अन्य क्रीड़ाअधिकारी उपस्थित थे। प्रतियोगिता का संचालन क्रीड़ा अधिकारी, डॉ. ऋतु दुबे ने किया, उन्होन बताया कि प्रतियोगिता के पश्चात् चयन स्पर्धा का आयोजन किया गया एवं हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की टीम गठित की गई। प्रतियोगिता आयोजन में श्री विजय चन्द्राकर, ने सहयोग दिया।

*समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ. रंजना श्रीवास्तव)
**प्राचार्य**
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

# फुटबॉल में शासकीय कन्या महाविद्यालय पुनः विजेता






